इन्क़िलाबी नज़र
आवाज़ ... आम आदमी की
लखनऊ, मंगलवार, 24 फरवरी 2026
वर्ष 18 अंक 174 मूल्य 4-00 रुपया पृष्ठ- 12

> धन-समृद्धि से युक्त बड़े-बड़े राज्यों के राजा-महाराजों की तुलना भी उस चींटी से नहीं की जा सकती है जिसमें ईश्वर का प्रेम भरा हो।
> -गुरुनानक देव

तापमान - अधिकतम 28.9°C (+1.1) न्यूनतम 13.4°C(+1.5) सेंसेक्स 83,294.66 (+479.95) निफ्टी 25,713.00 (+141.75) सोना 1,61,500 चांदी 3,00,000 मुद्रा - डालर 91.96 दिरहम 24.77 रियाल 24.25

एरा विवि व एनसीआई के बीच एमओयू

लखनऊ (सं)। नेशनल काउंसिल ऑफ इण्डिया और एरा विश्वविद्यालय ने देश में न्यूट्रिशन और पब्लिक हेल्थ एजुकेशन को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। दोनों संस्थानों के बीच गवर्नमेंट दून मेडिकल कालेज में आयोजित न्यूट्रिशन एवं पब्लिक हेल्थ पर द्वितीय नेशनल कांग्रेस (एनसीआई 2026) के दौरान मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

एमओयू पर एरा यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो. अब्बास अली महदी और न्यूट्रिशन काउंसिल ऑफ इंडिया के प्रेसिडेंट प्रो. एन.एस. वर्मा ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर काउंसिल के चेयरमैन डॉ. क्षितिज भारद्वाज, नोडल ऑफिसर डॉ. तबरेज जफर, फूड एंड न्यूट्रिशन विभागाध्यक्ष डॉ. कहकशां परवीन तथा एरा यूनिवर्सिटी की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अपर्णा श्रीवास्तव उपस्थित रहीं। इस साझेदारी का उद्देश्य रिसर्च, शिक्षा और सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रमों को बढ़ावा देना है। समझौते के तहत संयुक्त अकादमिक पाठ्यक्रम, फैकल्टी एक्सचेंज, शोध परियोजनाएं और क्षमता निर्माण कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। विशेषज्ञों का मानना है कि यह सहयोग न्यूट्रिशनल साइंस और कम्युनिटी हेल्थ इंटरवेंशन को नई दिशा देगा। कार्यक्रम में वक्ताओं ने इस पहल को भारत में पोषण एवं जनस्वास्थ्य शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर बताया। उनका कहना था कि एकेडमिक और क्लिनिकल सहयोग को मजबूत कर देश में पोषण संबंधी प्रथाओं और पब्लिक हेल्थ पॉलिसी को अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा।